**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1327**

**30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**रायदुर्गम संकुल में अवसंरचना का विकास**

**1327. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) विगत पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश के अनंतपुरम जिले के रायदुर्गम ब्लॉक में रायदुर्गम जींस और कॉटन पैंट संकुल में अवसंरचना के विकास हेतु आवंटित और संवितरित की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रायदुर्गम संकुल में अवसंरचना के विकास हेतु कोई प्रस्ताव लंबित हैं और यदि हां, तो उनके अनुमोदन और कार्यान्वयन का ब्यौरा और समय-सीमा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों में रायदुर्गम संकुल में कारीगरों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रकृति और अवधि सहित उनको प्रदान किए गए कौशल प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है;

(घ) रायदुर्गम संकुल में कारीगरों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनके अनुमोदन और शुरू होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) रायदुर्गम संकुल में जींस-पैंट और जैकेट की सिलाई के लिए औद्योगिक क्षमता बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क):** वस्त्र क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय अखिल भारतीय आधार पर देश भर के वस्त्र केंद्रों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना को लागू कर रहा है। अभी तक, मंत्रालय में आंध्र प्रदेश के अनंतपुरम जिले में एसआईटीपी के तहत वस्त्र पार्क स्थापित करने की कोई परियोजना कार्यान्वयन के अधीन नहीं है। तथापि, रायदुर्ग रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर विशेष रूप से जींस और कॉटन पैंट उद्योग के त्वरित और नियोजित विकास के लिए योगदान देने हेतु, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2002-03 में उदेगोलम गांव, रायदुर्ग मंडल, अनंतपुरम जिले में 17.24 एकड़ में 3.24 करोड़ रुपये की लागत से रायदुर्गम में एक वस्त्र पार्क की स्थापना की गई।

**(ख):** रायदुर्गम क्लस्टर, अनंतपुरम जिले में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एसआईटीपी के तहत कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**(ग):** उद्योग में कौशल अंतर को पूरा करने के लिए, सरकार ने देश भर में वस्त्र और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने में उद्योग के प्रयासों को सहयोग देने के लिए मांग संचालित, प्लेसमेंट उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करने के लिए **समर्थ** (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) क्रियान्वित की है, जिसमें कताई और बुनाई को छोड़कर वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को कवर किया गया है। **समर्थ** के तहत, अब तक, कुल 3413 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2019-20 से अब तक, 2827 को आंध्र प्रदेश के

अनंतपुरम जिले में काम पर रखा गया है। इसके अलावा, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी (डीआरडीए) अनंतपुरम द्वारा दिनांक 04-04-2023 से दिनांक 15-05-2023 तक (30) सदस्यों के लिए जींस सिलाई पर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हथकरघा और वस्त्र अधिकारी, अनंतपुरम ने 24.3.2023 से 21.11.2023 तक 4 बैचों में 121 ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं को परिधान और जींस पैंट के निर्माण में कौशल प्रशिक्षण दिया है।

**(घ):** इसके अलावा, रायदुर्गम क्लस्टर, अनंतपुरम जिले में **समर्थ** के तहत कारीगरों के कौशल विकास का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**(ङ):** आंध्र प्रदेश औद्योगिक विकास नीति 2023-27, नीति के दिशानिर्देशों के अनुसार आंध्र प्रदेश में निवेश सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी की प्रतिपूर्ति, बिजली लागत की प्रतिपूर्ति आदि सहित परिधान विनिर्माण उद्योगों को कई प्रोत्साहन प्रदान करती है।

****